भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1241

दिनांक 09 फरवरी 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष्मान भारत के अंतर्गत लाभार्थी

1241: श्री राजीव प्रताप रूडी:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आयुष्मान भारत एक बहुत महत्वाकांक्षी योजना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा कया है;

(ग) इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत और लाभान्वित हुए लोगों का बिहार के सारण जिले सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त योजना के अंतर्गत किन-किन बीमारियों को शामिल किया गया है; और

(ङ) देश भर में आयुष्मान कार्डों पर किए गए वित्तीय व्यय का राज्य संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो.एस.पी.सिंह बघेल)

(क) से (ङ): आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) भारत सरकार की एक प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना है जो 12 करोड़ परिवारों के 55 करोड़ व्यक्तियों को मध्यम और विशिष्ट परिचर्या अस्पताल में दाखिल होने के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है। एबी-पीएमजेएवाई एक पात्रता-आधारित योजना है और इसलिए, लाभार्थियों का पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं है। दिनांक 05.02.2024 तक, देश भर में 31.02 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इसके अलावा, इस योजना के तहत 80,645 करोड़ रुपये के 6.34 करोड़ अस्पताल दाखिलों को अधिकृत किया गया है।

दिनांक 05.02.2024 तक बिहार राज्य में लगभग 87.79 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं, जिनमें से 2.13 लाख आयुष्मान कार्ड बिहार के सारण जिले में बनाए गए हैं। बिहार राज्य में इस योजना के तहत 923 करोड़ रुपये मूल्य के 8.59 लाख से अधिक अस्पताल दाखिले अधिकृत किए गए हैं, जिनमें से बिहार के सारण जिले में

20.90 करोड़ रुपये मूल्य के 16,334 अस्पताल दाखिले अधिकृत किए गए हैं। योजना के अंतर्गत बनाए गए आयुष्मान कार्डों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और जिला-वार ब्यौरा निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है:
https://acrobat.adobe.com/id/urn:aaid:sc:AP:a8f02e7b-7fe3-4048-a268-6f5797d45329
छह राज्य अर्थात् आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और तेलंगाना योजना कार्यान्वयन के लिए अपने स्वयं के सूचना प्रौद्योगिकी मंच का प्रयोग कर रहे हैं और इसलिए इन राज्यों के लिए अस्पताल में भर्ती होने वाले व्यक्तियों के जिला-वार आंकडे़ उपलब्ध नहीं हैं। तदनुसार, इस योजना के तहत अधिकृत अस्पताल दाखिलों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और जिला-वार ब्यौरा निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है:
https://acrobat.adobe.com/id/urn:aaid:sc:AP:c0b75188-24aa-4a1f-b8fb-fde8ebf6e197
इस योजना में ऑन्कोलॉजी, कार्डियोलॉजी, सामान्य चिकित्सा आदि सहित 27 विभिन्न विशिष्टताओं के तहत कुल 1,949 प्रक्रियाओं के अनुरूप उपचार प्रदान किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत कवर किए गए रोगों का विवरण निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है:
https://pmjay.gov.in/sites/default/files/2022-04/HBP%202022%20..pdf

इस योजना के तहत प्राधिकृत अस्पताल दाखिलों की राशि के संबंध में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है.

*****

अनुलग्नक

<u>योजना के तहत अधिकृत अस्पताल दाखिलों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण</u>

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**अधिकृत अस्पताल दाखिले**	
	गणना	**कुल धनराशि**
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	2,548	₹ 8,15,92,569
आंध्र प्रदेश	52,99,218	₹ 1,10,48,51,93,939
अरुणाचल प्रदेश	4,036	₹ 7,93,55,986
असम	10,41,555	₹ 17,07,51,97,939
बिहार	8,59,783	₹ 9,23,16,33,335
चंडीगढ़	41,492	₹ 35,34,82,142
छत्तीसगढ़	48,27,072	₹ 55,43,14,66,440
दादरा और नागर हवेली और दमन और दीव	1,16,035	₹ 76,40,96,752
गोवा	13,575	₹ 35,37,42,816
गुजरात	45,62,514	₹ 98,15,43,90,005
हरियाणा	12,17,257	₹ 16,90,57,00,889
हिमाचल प्रदेश	2,49,053	₹ 3,12,46,71,928
जम्मू और कश्मीर	11,32,076	₹ 19,63,92,38,489
झारखंड	18,95,439	₹ 22,11,21,30,500
कर्नाटक	70,81,832	₹ 59,34,28,07,586
केरल	55,32,965	₹ 56,76,79,04,527
लद्दाख	11,564	₹ 18,19,88,472
लक्षद्वीप	883	₹ 2,63,90,460
मध्य प्रदेश	36,13,815	₹ 56,23,01,54,127
महाराष्ट्र	12,38,128	₹ 31,56,84,17,059
मणिपुर	1,32,062	₹ 1,76,35,75,209
मेघालय	7,38,022	₹ 6,69,63,63,463
मिजोरम	1,16,618	₹ 1,35,98,14,893
नागालैंड	61,645	₹ 1,18,87,78,688
पुडुचेरी	72,867	₹ 57,98,23,168
पंजाब	19,02,935	₹ 23,56,63,77,518
राजस्थान	58,10,029	₹ 49,55,68,61,411
सिक्किम	16,965	₹ 15,44,06,830
तमिलनाडु	98,77,141	₹ 64,57,04,92,519
तेलंगाना	13,16,076	₹ 28,03,75,66,748
त्रिपुरा	2,95,343	₹ 2,72,33,12,738
उत्तर प्रदेश	32,85,874	₹ 48,46,18,01,812
उत्तराखंड	10,32,094	₹ 19,88,90,25,730
कुल	**6,33,98,511**	**₹ 8,06,45,77,56,687**

*****